PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Haribhumi, Delhi
Mon, 15 May 2017, Page 6
Width: 11.68 cms, Height: 20.07 cms, a4, Ref: 45.2017-05-15.11

राजनाथ, योगी ने योग दिवस कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया

प्रधानमंत्री समेत 55 हजार लोग लेंगे हिस्सा

लखनऊ। केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह, यूपी के सीएम योगी ने अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर आगामी 21 जून को यूपी की राजधानी लखनऊमें होने वाले भव्य कार्यक्रम की तैयारियों की रविवार को समीक्षा की। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत लगभग 55 हजार लोग हिस्सा लेंगे। राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने सीएम योगी से मुलाकात कर योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में समीक्षा की। इस दौरान राज्य मंत्री आयुष मंत्रालय (स्वतंत्र प्रभार) श्रीपद येसो नाइक भी मौजूद थे। लखनऊ से सांसद राजनाथ ने प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही तैयारियों के प्रस्तुतीकरण की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसको देखने से स्पष्ट है कि लखनऊ में आयोजित होने वाला योग कार्यक्रम व्यापक व सफल होगा। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि आगामी

- लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर मैदान में 21 जून को योग कार्यक्रम का आयोजन होगा
- राजनाथ ने यूपी सरकार की तैयारियों की प्रशंसा की
- प्रतिभागियों को लाने-ले जाने के लिए नि:शुल्क व्यवस्था मिलेगी

21 जून को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर मैदान में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी के साथ लगभग 55 हजार लोग भाग लेंगे। यह शासकीय नहीं, बल्कि जनसामान्य योग कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक लोगों के लिए पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस आयोजन में अनेक शैक्षिक संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों ने भाग लेने की रुचि दिखाते हुए सहयोग प्रदान करने की इच्छा व्यक्त की है। लखनऊ में आयोजित होने वाले योग कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को लाने एवं ले जाने के लिए निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी।

हर जिले में होगा कार्यक्रम

लखनऊके साथ-साथ प्रदेश के सभी जनपद मुख्यालयों, तहसीलों एवं विकास खंडों के सार्वजनिक स्थानों, विद्यालयों एवं पार्कों में भी व्यापक रूप से योग-कार्यक्रम आयोजित कराए जायेंगे। योगी कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश देते हुए कहा कि लखनऊनगर के अन्य सार्वजनिक स्थानों, पार्कों में आम लोगों की सुविधा के लिए एलईडी स्क्रीन लगाकर सीधा प्रसारण कराया जाएगा ताकि आम नागरिक सुविधानुसार विभिन्न पार्कों में योग कर सकें। योग कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की सुविधा के लिए 28 दिन का योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश भी दिए हैं।